**एक नजर में**

### सेवानिवृत शिक्षक विट्ठल प्रसाद गुप्ता का निधन



**सुठालिया 11 दिसम्बर, सं.** सेवानिवृत शिक्षक श्री विट्ठल प्रसाद गुप्ता का गुरुवार को 83 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया. वह मूलत: राजगढ़ जेल रोड पर निवास करते थे कुछ समय से अस्वस्थ के चलते उनके ज्येष्ठ पुत्र दिनेश गुप्ता पंचायत सचिव के पास वल्लभ गार्डन रोड पर निवास रत थे. गुरुवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली. दाहसंस्कार ब्यावरा के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया. जहां चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र दिनेश एवं जितेंद्र गुप्ता ने दी.

### डीईएएफ खाते की जानकारी दी

**राजगढ 11 दिसम्बर, का.** अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि डीइएएफ खाता भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार यदि कोई बैंक खाता 10 वर्षों तक निष्क्रिय रहता है तो उस में जमा धन राशी को निष्क्रिय खाते में स्थान्तरित किया जाता है. साथ ही बैंको द्वारा अटल पेंशन, पीएमएसबीवाय, पीएमजेजेवाय, वित्तीय साक्षरता के केम्प में उपस्थित रहेंगे. जिससे अपनी पूंजी अपना अधिकार के तहत अपनी पूंजी की सुरक्षा कर सकेगे. किसी भी खाते में बीमा सुरक्षा का लाभ अधिक से अधिक ग्राहकों को मिल सकेगा. भुगतान के लिए दावा कर सकते हैं. इसके लिए संबंधित खाता धारक का मृत्यु प्रमाण-पत्र होना जरूरी है, जो पक्षकार, उनके नॉमिनी विभिन्न बैंकों के वालों में जमा अनक्लेम्ड राशि के दावा करेंगे, उनका निराकरण रिजर्व बैंक की गाइड लाइन से होगा. इसमें लगभग दो सप्ताह तक का समय लगेगा.

### अभाविप ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**खुजनेर 11 दिसम्बर, सं.** सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा मधुकुंज एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल, खुजनेर में एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आनन्द शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूजा भील से लेकर भगवान बिरसा मुंडा और डॉ. भीमराव अंबेडकर तक, हमारे इतिहास के महापुरुषों ने सदैव 'जाति नहीं, राष्ट्र सर्वोपरि' का संदेश दिया. जब आदिवासी, दलित और सामाजिक क्रांति के इन महानायकों ने राष्ट्र को प्राथमिकता दी, तो आज भी समाज में भेदभाव की कोई जगह नहीं होनी चाहिए. मुख्य अतिथि संचालक शैलेन्द्र नागर ने सामाजिक समरसता की भारतीय परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की शक्ति उसकी विविधता और एकता में निहित है.

# पीलूखेड़ी–कुरावर सर्विस रोड ने दम तोड़ा

## सर्विस रोड की दुर्दशा देख आंसू निकल रहे चालकों के

**वाहनों में टूटफूट और दुर्घटना के शिकार हो रहे लोग**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 11 दिसम्बर, का. जयपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग अपने बेहूदे निर्माण के कारण बहुचर्चित रहा है. ब्यावरा से भोपाल तक का फोरलेन मार्ग बनने के साथ ही चर्चा में रहा है.**

भारी उबड़ खाबड़ रहे इस मार्ग को फिलहाल दुरूस्त किया गया है. इस समय सर्वाधिक स्थिति पीलूखेड़ी से कुरावर तक के मार्ग की है. सबसे अधिक हालत सर्वीस रोड़ की खराब है. सर्विस रोड की स्थिति इतनी भयावह है कि वाहन चालकों और यात्रियों के यहां से गुजरते वक्त आंसू निकल जाते है.

सर्विस रोड पूरी तरह उखडने के कारण यहां धूल और गिट्टी बिखरी पड़ी है. बीच-बीच में सर्विस रोड पर टीलेनुमा स्थान वाहनों के अनियंत्रित होकर दुर्घटना का कारण बन रहे है. कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है. उखड़े सर्विस रोड के कारण वाहनों को धीरे-धीरे चलाना पड़ रहा है. रोड पर चलते वाहन रेंगते हुए नजर आते है.

टोल पूरा वसूल रहे, उखड़े मार्ग की सुध नहीं जयपुर-जबलपुर मार्ग ब्यावरा से लेकर भोपाल तक कई जगह उखड़ चुका है. विशेषकर ब्यावरा से नरसिंहगढ़, कुरावर एवं जिले की सीमा पर मौजूद पीलूखेड़ी तक हाईवे काफी बुरी तरह उखडने लगा है. आये दिन हाइवे पर मरम्मत का कार्य चलता रहता है. हाइवे एवं उखड़े सर्विस रोड को ठीकठाक करने गंभीरता से प्रयास नहीं हो रहे है, जबकि मार्ग पर मौजूद दो टोल के माध्यम से इसकी कीमत जबरिया वसूली जा रही है.

### अनहोनी का हो रहा इंतजार

जिस तरह से सर्विस रोड की बदहाली हो रही है और संबंधित विभाग द्वारा इन हालातों की घोर उपेक्षा, अनदेखी करना सामने आ रहा है, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों यहां किसी अनहोनी का इंतजार है. समय रहते यदि उखड़े सर्विस रोड को दुरस्त कर व्यवस्थित नहीं किया गया तो ये हालात कभी भी कोई अनहोनी का कारण बन सकते है.

### वाहनों में हो रही टूटफूट

उबड़-खाबड़ सर्विस रोड के कारण हर दिन वाहनों में टूटफूट हो रही है. आये दिन टूटफूट के कारण वाहनों को सर्विस रोड पर खड़े हुए देखा जा सकता है. पीलूखेड़ी से कुरावर तक लगभग तीन किमी का सर्विस रोड बदहाली में है, वाहनों की आवाजाही के दौरान रोड पर धूल के उड़ते गुब्बार खुद ब खुद सर्विस रोड की हो रही बदहाल अवस्था को बता रहे है.

हाईवे पर स्थित सर्विस रोड के रखरखाव के प्रति जिस तरह से लगातार अनदेखी की गई उसके चलते आज सर्विस रोड की इतनी अधिक दुर्गति हो चुकी है. यदि समय-समय पर इसकी मरम्मत की जाती तो सर्विस रोड इतना अधिक दुर्गति का शिकार नहीं होता.



# शिक्षा समिति की बैठक संपन्न

## मरम्मत एवं नवीन भवन निर्माण एवं अन्य कार्यो पर हुई चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 11 दिसम्बर, का. शिक्षा स्थाई समिति द्वारा जिला शिक्षा समिति की बैठक बुधवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई. बैठक में जिले में शिक्षकों के अटेचमेंट की स्थिति, मध्यान्ह भोजन, आबंटन/वितरण की स्थिति, विद्यालय भवनों की मरम्मत एवं नवीन भवन निर्माण एवं अन्य कार्यों पर शासन से स्वीकृत राशि एवं व्यय की स्थिति तथा अन्य विषयों पर चर्चा की गई.**

बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा शाला भवन मरम्मत, शिक्षकों के अटैचमेंट, जनशिक्षकों की नियुक्ति, बाउंड्रीवाल, स्कूल जमीन के अतिक्रमण हटाने सीमांकन, शासन की योजनाओं से लाभान्वितों के कार्यक्रमों में जिला एवं जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्यों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित अवश्य करें. पुस्तक वितरण, मध्याह्न भोजन, मेनू अनुसार दिया जाए. अब सभी जनप्रतिनिधि भी स्कूलों का भ्रमण करेंगे आदि विषयों पर अपनी बात रखी.

बैठक में शिक्षा स्थाई समिति के सभापति पर्वत सिंह यादव, सदस्य शीतलराज दांगी, श्रीमती रेखा बाई, श्रीमती शमीना खुर्शीद, दीनदयाल मीणा, रामबाबू मंडल सहित जिला शिक्षा अधिकारी जिला परियोजना समन्वयक, बीईओ बीआरसी भी उपस्थित रहे.

# वन विभाग की रेड के बाद अंतिम संस्कार की लकड़ी के लाले

## अंतिम संस्कार के लिए नहीं मिल रही लकड़ी

**नवभारत न्यूज**

पड़ाना 11 दिसम्बर, सं. वन विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा डेढ़ माह पहले सारंगपुर सहीत आसपास ग्रामीण अंचलों में 14आरा मशीन बिना अनुमति एवं सुरक्षा मानको के संचालित की जा रही आरा मशीन को अवैध पाए जाने पर सील किया गया था. जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में हिंदू समाज में परिवार का कोई सदस्य का निधन हो जाने के करण दाह संस्कार करने के लिए आरा मशीनों पर लड़कियां उपलब्ध नहीं हो पा रही है. जो एक गंभीर समस्या बन रही है.

ऐसा ही एक मामला गुरुवार नगर के माली मोहल्ला में गोपीलाल पुष्पद उम्र लगभग 85 वर्ष का निधन हो जाने के बाद दाह संस्कार करने के लिए आरा मशीनों पर लकड़ी लेने के लिए पहुंचे जहां आरा मशीन संचालकों ने नियमों का हवाला देते हुए दुखी मन से लड़कियां देने से मना कर दिया गया. ऐसे में समाज के कुछ युवक प्रदीप पुष्पद कैलाश कारीगर अनिल पुष्पद दीपचंद पुष्पद हरिनारायण पुष्पद सहित अन्य समाज बंधु द्वारा जंगल में पहुंचकर पुरानी लड़कियों को एकत्रित कर लड़कियां एकत्रित की गई जिसके बाद करीबन डेढ़ घंटे विलंब से दाह संस्कार किया गया. ऐसा ही मामला समीप ग्राम मगराना में भी देखने को मिला.

पड़ाना में आरा मशीन सील है. अगर आरा मशीनों पर जलाऊ लड़कियां उपलब्ध हो तो दाह संस्कार के लिए आरा मशीन संचालक द्वारा लड़कियां दे सकते हैं.

**दिनेश कुमार यादव एसडीओ फॉरेस्ट विभाग**

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 से

**राजगढ़ 11 दिसम्बर, का.** उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के पशुपालकों के पशुओं का दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में द्वितीय चरण 17 दिसम्बर से प्रारंभ होने जा रहा है. संपूर्ण अभियान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा संपादित किया जाएगा.

# पंद्रह हजार की अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 11 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शैलेन्द्र वर्मा द्वारा आबकारी वृत राजगढ़ के ग्राम कडियानाला, दुबली, पूँदिया, देहरीकराड में आबकारी अपराध सूचना प्राप्त होने पर मय हमराह स्टाफ के साथ दबिश कार्यवाही के दौरान म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के 05 आपराधिक प्रकरण कायम किए गए.

जिसमें 110 पाव देशी मदिरा, 40 बोतल बीयर एवं 08 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई. राजगढ़ में शिवाय रेस्टोरेंट एवं प्रकाश ढाबा पर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36(ए), 36 (बी) के कुल 06 प्रकरण कायम किए गए. कार्यवाही के दौरान जप्त की गई मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 15 हजार 800 सौ रुपए है. उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान आबकारी वृत सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे, आबकारी वृत खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री अर्चना भावरे, आबकारी मुख्य आरक्षक मोहन सिंह यादव, आबकारी आरक्षक गौतम लोधी साथ रहे.



### लोको पायलट के पद पर चयन

**पचोर 11 दिसम्बर, सं.** लिटिल एंजेल्स पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र नईम खान पिता शाकिर खान का चयन रेलवे बोर्ड में लोको पायलट के पद पर चयन होने पर विद्यालय परिवार द्वारा नईम खान का सम्मान किया गया. पूर्व छात्र नईम खान कि इस उपलब्धि पर संस्था संरक्षक बृजभूषण मंगल एवं अध्यक्ष दिलीप सिंह राठौड़ उपाध्यक्ष मधु अरविंद चौधरी सचिव श्वेता मनोज वैष्णव कोषाध्यक्ष आरती हेमंत गर्ग, प्राचार्य विष्णु प्रसाद राठौर एवं समस्त स्टाफ के द्वारा छात्र को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की.

# स्वच्छता अभियान को लेकर सीएमओ ने किया नगर निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 11 दिसम्बर, सं. आगामी स्वच्छता अभियान 2026 की तैयारियों को लेकर नगर में साफ-सफाई व्यवस्था का लक्ष्य एवं नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने को लेकर लगातार नगर में साफ सफाई व्यवस्था की जा रही है. इसी तारतम्य में सीएमओ हरिओम शर्मा ने अपनी नगर परिषद टीम एवं दरोगा सफाई कर्मचारी के साथ नगर के प्रमुख मार्गों, गलियों, वार्डों और मोहल्लों का औचक निरीक्षण किया.**




निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए और संबंधित कर्मचारियों को समय पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये. अभियान को सफल बनाने हेतु नगर परिषद द्वारा विशेष रणनीति पर कार्य किया जा रहा है. जिसमें सफाई के अलावा मुलभुत सुविधा पर भी ध्यान दिया जा रहा है. इस मौकेपर सीएमओ हरिओम शर्मा, दरोगा आजाद झावा, रामप्रसाद झावा, राजू झावा, विजय कुशवाह सहित परिषद कर्मचारी भ्रमण मे उपस्थित रहे.

### बैंक ऑफ इंडिया द्वारा केम्प आज

**राजगढ़ 11 दिसम्बर, का.** अनक्लेम डिपोजिट के संबंध में वित्तीय विभाग भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार एलडीएम बैंक ऑफ इंडिया द्वारा केम्प का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में 12 दिसम्बर को प्रात. 11 बजे किया जाएगा. जिसमें जिले के सभी बैंको की उपस्थित सुनिश्चित की जाएगी. साथ ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया भोपाल से श्रीमती रेखा चंदानावेली, उप महाप्रबंधक श्रीमति अलका गार्ड, आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार सरण सहित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मेनेजर, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के रीजनल मेनेजर, एवं जिले की सभी बैंक के उच्च अधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे. सभी बैंको के ग्राहकों से अपेक्षा है कि जिसका अनक्लेम डिपोजिट बैंको में जमा है वे निष्क्रिय खातो में अपनी केवायसी करके अपने खाते का डेफ फण्ड में गया पैसा पुन: प्राप्त कर खाते का संचालन कर सकते है.

# कथा श्रवण से कष्ट दूर होते हैं



**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 11 दिसम्बर, सं.** नगर के धार्मिक स्थल डग रोड़ बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित श्री मद् भागवत कथा के अन्तिम दिवस ज्योतिषाचार्य पं सुरेश बिहारी जी नागर ने सुदामा-कृष्ण प्रसंग का वर्णन बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत कर मित्रता हो तो सुदामा कृष्ण जैसी का सारगर्भित वर्णन किया. इस अवसर पर पंडित नागर ने भागवत कथा का संक्षिप्त सार मालवी भाषा शैली में बताया. जिसमें उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन सर्वश्रेष्ठ है लेकिन जब तक भगवान का ध्यान सुमिरन नहीं वह व्यर्थ है. संगीतमय भागवत कथा में प्रतिदिन सुमधुर भजनो पर महिलाओं ने नृत्य कर भक्ति रस में खूब आनंदविभोर रही. उक्त भागवत कथा का आयोजन सोनी परिवार राजाहेड़ी वाले द्वारा किया गया. कथा भजनों की थाप पं.कृष्णबिहारी नागर, हारमोनियम वादक बृजमोहन किरार, तबला पर संजु राव, पेड महेश राव ने प्रतिदिन शानदार प्रस्तुति दी.

**प्रदर्शन** धरना आंदोलन, आमसभा, रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन, वक्ताओं ने कहा आज सर्वाधिक दुर्गति गायों की

# गायों की दुर्गति पर युवक कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 11 दिसम्बर, का. भाजपा सरकार आने के बाद से जिले में गायो के लिए कोई कार्ययोजना नहीं बनाई गई. गायो के नाम पर राजनीति कर सत्ता में आय और आज सबसे अधिक दुर्गति गायों की हो रही है. गौशाला के नाम पर करोड़ों का भुगतान किया जा रहा लेकिन गाये सड़कों पर मरने को मजबूर है.**



इस प्रकार के आरोप आज जिला युवक कांग्रेस द्वारा गुरुवार को राजगढ़ में गायों की दुर्दशा को लेकर किये जंगी प्रदर्शन के दौरान इंकाईयों ने लगाए. जिले भर से इंकाजन इस प्रदर्शन में शामिल हुए.

जिला युवक कांग्रेस द्वारा राजगढ़ में गौमाता के सम्मान में प्रदर्शन किया गया. इसके पूर्व जिला मुख्यालय पर धरना आंदोलन तथा आमसभा के बाद रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया.

पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने कहा कि मेरे मंत्रीकाल के दौरान हुए सर्वे में पता चला की राजगढ़ जिले में 62,000 निराश्रित गौवंश है. हमारी 15 महीने की सरकार ने जिले में 300 नवीन गौशाला खोलने के प्रबंध किये थे. भाजपा की सरकार 15 वर्षो से अधिक समय से राज कर रही है लेकिन गायों के नाम पर उसने कुछ नहीं किया है.

पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा गौशाला के नाम पर करोड़ों का भुगतान किया जा रहा लेकिन फिर भी गाय सड़कों पर मरने को मजबूर है. यूथ कांग्रेस के युवाओं ने गौवंश की चिंता कर सराहनीय कार्य किया है. इससे सरकार के कानों पर जूं रेंगेगी.

जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने कहा कि वर्ष 2003 में भाजपा की सरकार आने के बाद जिले में एक भी गौशाला गौमाता के लिए नहीं बनी. गौमाता के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में सबसे ज्यादा दुर्गति गौमाता की हो रही है. सबसे ज्यादा बूचड़खाने भाजपा के शासनकाल में खुले है और गौमांस टेक्स फ्री हो गया है.

आमसभा को युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, प्रदेश प्रभारी श्री चौहान, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, बापू सिंह तंवर, प्रेम सिंह परिहार, विजय पल सिंह भाटी, राशिद जमील, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन अरोरा, उपाध्यक्ष शिव दांगी ने भी संबोधित किया.

### कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शन के उपरांत रैली के साथ इंकाजन कलेक्ट्रेट पहुंचे. यहां पर मुख्य गेट बंद होने पर कुछ इंकाई गेट पर चढ़ गये. जमकर नारेबाजी की गई. इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा. प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतेजाम किए गये थे. कलेक्ट्रेट पहुंचकर इंकाईयों ने एडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा.


### जाहिर सूचना

श्री बसंत कुमार भंडारी पिता पुरूषोत्तम दास भंडारी निवासी वार्ड कं.05 सदर बाजार खुजनेर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अविका भंडारी (AVIKA BHANDARI) के नाम से आधार कार्ड कं. 6767 9997 5523 बना हूआ है. जिसमें मेरी पुत्री का नाम त्रुटीवश राधा भंडारी (Radha Bhandari) दर्ज हो गया है व जन्म वर्ष 2006 दर्ज हो गई है जो कि गलत है. एवं मेरी पुत्री का अन्य वास्तविक शासकीय व अशासकीय दस्तावेजो अंकसूची व जन्म पंजीयन प्रमाण-पत्र में सही नाम अविका भंडारी (AVIKA BHANDARI) है एवं सही जन्मतिथि 13.06.2007 है एवं मै शपथकर्ता मेरी पुत्री के आधार कार्ड में जो नाम व जन्म दिनांक मैं अंकित करवा रहा हूँ. अत: सूचित किया जाता है कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में वास्तविक सही नाम व जन्म दिनांक अविका भंडारी (AVIKA BHANDARI) एवं जन्मतिथि 13.06.2007 अंकित करवाने एवं मध्यप्रदेश शासन के राजपत्र में नाम परिवर्तन नही करवाऊंगा यदि बाद में नाम व जन्म दिनांक परिवर्तन हेतू किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे व मेरी पुत्री पर बंधनकारक होकर मान्य नही होगी. सूचित हो.

**बसंत कुमार भंडारी खुजनेर**

### जाहिर सूचना

खसरा क्रमांक 8/1/2/2, 8/2/3, 14/1, 16/1, 18/1. कुल रकबा 2. 095 हेक्टेयर ग्राम रामपुरिया पहन 13 तहसील राजगढ़ जिला राजगढ़ के अंतर्गत स्थित कृषि भूमि के संबंध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री कैलाश नारायण पिता चुन्नीलाल जाति कुम्हार पता राजगढ़ से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम रामपुरिया पहन 13 तहसील व जिला राजगढ़ के अंतर्गत स्थित कृषि भूमि जिसके खसरा नंबर 8/1/2/2, 8/2/3, 14/1, 16/1, 18/1, कुल रकबा (क्षेत्रफल) 2.095 हैक्टर को क्रय करने का सौदा किया है जिसके बयाने की आशिंक धनराशी मेरे पक्षकार द्वारा अदा कर दी गई है. यह कि, उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय या अशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी अथवा अन्य का कोई हित, स्वत्व संबध या किसी भी प्रकार भार प्रभार या अन्य कोई विक्रय व्यवहार मे लेन-देन हो, तो वह सूचना प्रकाशन की दिनांक से सात दिवस की अवधि में उक्त भूमि के सबंध में प्रमाणित समस्त दस्तावेज सहित मेरे कार्यालयीन समय सुबह 10 से 5.30 बजे तक समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें. समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व, अधिकार या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बधंनकारी नहीं होगी तथा विक्रयपत्र पंजीयन करवा लिया जावेगा.

**जितेन्द्र सिंह जाट**
**एडवोकेट राजगढ़**

In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, RajgarhPresiding Of ficer
श्रीमती नीलिमा देव दत्त
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक)
(MJC SUC/0000005/2025)
शिवसिंह चंद्रावत.........आवेदक
विरूद्ध
सर्वसाधारण ........ अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांक 13/01/2026

**1 सर्वसाधारण पता- जिला राजगढ़**
**2 आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवसिंह चंद्रावत पता भंडारा गली राजगढ़ ने मृतक संतोष चंद्रावत पुत्रि भंवरसिंह निवासी भंडारा गली जिला राजगढ़ की भारतीय स्टेर बैंक शाखा राजमहल राजगढ़ में FD क्र. AYCPC 8884A-14533/- राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 January 2026 को नियत है.

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 January 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें. सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा.

**नोट**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

**नीलिमा देव दत्ता**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जिला राजगढ़ म.प्र.**